भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2994

गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)

चार लेन वाले राजमार्गों का निर्माण

2994. श्री ए.के.पी. चिनराजः
डॉ. टी.आर. पारिवेन्धरः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों में से अधिकांश दो-लेन वाले हैं और उनका विस्तार चार-लेन में किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का तमिलनाडु में पेरंबलुर, तुरईयूर, मुसिरी, कुलिथलै, तोकेमलै और मनाप्पराई में चार-लेन की सड़कों के निर्माण का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार को तिरुचेंगोड से सांगागिरी तक राज्य राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने और इस राजमार्ग पर चार-लेन की सड़क का निर्माण करने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): वर्तमान में, देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई लगभग 1,32,500 किलोमीटर है। लेन - वार वर्गीकरण निम्नानुसार है:

एकल लेन / मध्यम लेन	2-लेन	4-लेन	6/8 लेन
36,310	65,123	28,412	2,655

राष्ट्रीय राजमार्गों पर 4-लेनिंग कार्यों को पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात घनत्व और धन की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

(ख) एवं (ग): तमिलनाडु में पेरंबलुर, तुरईयूर और मुसिरी कुलिथलै में निर्माण के लिए परिकल्पना की गई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	परियोजना खंड	लगभग लंबाई (किमी)	वर्तमान स्थिति
I	रारा-136 के तंजावुर- थिरुवैयारु - पेरंबलुर - कृष्णापुरम –अतूर खंड में 4-लेनिंग	126.00	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परामर्शदाता को नियुक्त किए जाने का कार्य शुरू किया गया।
II	रारा-381बी के मुसरी- नामक्कल खंड में 4-लेनिंग-	43.70	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का कार्य शुरू किया गया।
III	रारा -83 (पुराना रारा-67) के त्रिची- करूर खंड में 4-लेनिंग	70.15	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का कार्य शुरू किया गया।
	कुल	**239.85**	

मन्नापरई राष्ट्रीय राजमार्ग 45 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग 83) के त्रिची- डिंडीगुल खंड के माध्यम से जुड़ा हुआ है जो पहले से ही 4 लेन की सड़क है। तोकईमलाई - मन्नापरई सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है।

(घ) एवं (ड.): सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में तमिलनाडु राज्य सरकार सहित विभिन्न राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों से विभिन्न राज्यीय सड़कों / राजमार्गों को नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित किए जाने के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। मंत्रालय द्वारा संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और धन की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर राज्यीय सड़कों / राजमार्गों को नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित किया जाता है। तमिलनाडु राज्य में अप्रैल 2014 से मार्च 2019 के दौरान लगभग 1,843 किलोमीटर राज्यीय सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित किया गया है।

*****